एन.आई.ओ.एस/शैक्षिक/2021/328/24/हिंदी

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय -24

मनोरोग चिकित्सा

कार्यपत्रक - 24

1. अपने शहर/राज्य में उन केंद्रों की सूची तैयार कीजिये जहां कोई व्यक्ति मनोचिकित्सा प्राप्त कर सकता है।
2. अर्जुन को इस कदर परेशान करने वाले विचार आ रहे हैं कि वह अपने बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहा है। वह निराश महसूस करता है और मुश्किल से किसी भी कार्य को कर पाता है। अर्जुन की हालत का इलाज करने के लिए मनोचिकित्सक क्या तरीका अपनायेँगे ।
3. उपचार के चिकित्सकीय मॉडल की विशिष्ट विशेषताओं की व्याख्या कीजिये ।
4. गरवित एक 23 वर्षीय पुरुष है। बचपन में गरवित का उसके एक चाचा ने यौन शोषण किया था। गरवित इस घटना को भूल गया है, लेकिन वह किसी के साथ अंतरंग संबंध नहीं बना पा रहा है। बताएं कि फ्रायड ने इस स्थिति को कैसे देखा होगा।
5. मनोगतिक दृष्टिकोण की विशिष्ट विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
6. समकालीन दुनिया में व्यवहारपरक चिकित्सा की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिये और इसकी माप चिकित्सा का वर्णन कीजिये ।
7. एक 37 वर्षीय व्यक्ति अंधेरे से बेहद डरता है और वह इससे उबरना चाहता है। व्यवहारपरक दृष्टिकोण की सबसे उपयुक्त (एक से अधिक हो सकती है) चिकित्सा का उपयोग करके इस व्यक्ति के लिए चरण-दर-चरण उपचार योजना तैयार करें।
8. "सभी लोगों को आत्म सम्मान और जीवन को स्वरूचि के अनुसार ढालने की आवश्यकता होती है।" दिए गए कथन पर चर्चा कीजिये ।
9. उपचार के मानवतावादी दृष्टिकोण की विशिष्ट विशेषताओं की सूची बनाएं।